डाक पंजीयन क्रमांक - म.प्र./भोपाल/4-357/2024-26

मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967

2025 अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष
सहकारी समितियां एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं

मध्यप्रदेश सहकारी समाचार

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल का प्रकाशन

Website : www.mpscu.in
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in

हिन्दी/पाक्षिक
प्रकाशन दिनांक 16 जून, 2025, डिस्पेच दिनांक 16 जून, 2025

| वर्ष 69 | अंक 02 | भोपाल | 16 जून, 2025 | पृष्ठ 12 | एक प्रति 7 रु. | वार्षिक शुल्क 150/- | आजीवन शुल्क 1500/- |

प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को दी नई दिशा

अरावली को हरा-भरा बनाने का लिया संकल्प

नई दिल्ली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया और दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाते हुए इस अभियान को और व्यापक बनाने का संकल्प लिया।

श्री मोदी ने अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के अंतर्गत अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण के महत्व का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

श्री मोदी ने कहा कि अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है। श्री मोदी ने कहा कि पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया।

एक्स पर अपने पोस्ट की एक श्रृंखला में प्रधानमंत्री ने कहा; "आज, विश्व पर्यावरण दिवस पर, हमने एक विशेष वृक्षारोपण अभियान के साथ एक पेड़ मां के नाम पहल को मजबूत किया। मैंने दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाया। यह अरावली पर्वतमाला को फिर से वनीकरण करने के हमारे प्रयास- अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का एक हिस्सा भी है।" "यह सर्वविदित है कि अरावली पर्वत श्रृंखला हमारी पृथ्वी पर सबसे पुरानी पर्वतमालाओं में से एक है, जिसमें गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली शामिल हैं। पिछले कई वर्षों में इस पर्वतमाला से संबंधित कई पर्यावरणीय चुनौतियाँ सामने आई हैं, जिन्हें कम करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारा ध्यान इस पर्वतमाला से जुड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने पर है। हम संबंधित स्थानीय प्रशासनों के साथ मिलकर कार्य करने जा रहे हैं और इसके अंतर्गत जल प्रणालियों में सुधार, धूल भरी आंधियों पर अंकुश लगाने, थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने आदि जैसी मुद्दों पर बल देने जा रहे हैं।"

"अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, जहां जगह की कमी है। पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी। मैं अपने देश के युवाओं से इस आंदोलन में भाग लेने और हमारी पृथ्वी के हरित आवरण में योगदान देने का आह्वान करता हूं।"

"हर गाँव में भंडारण, हर किसान को सम्मान : सहकारिता से नई उम्मीद"

नई दिल्ली, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित सहकारिता मंत्रालय में सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर एवं श्री मुरलीधर मोहोल के अलावा सहकारिता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मंत्रालय, भारतीय खाद्य निगम (FCI), नाबार्ड, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) सहित अन्य संगठनों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के "सहकार से समृद्धि" के विज़न को साकार करने की दिशा में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भारत में आर्थिक प्रगति को मापने के दो प्रमुख मापदंड हैं—सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और रोजगार सृजन। अन्न भंडारण योजना इन दोनों पहलुओं को सशक्त बनाने का माध्यम है, जिसका उद्देश्य प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) की आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार के अवसरों को सृजित करना है। श्री शाह ने कृषि अवसंरचना निधि (AIF) के अंतर्गत ऋण अवधि के विस्तार से PACS की वित्तीय स्थिति में सुधार हेतु त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

> केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित
>
> मोदी सरकार की दूरदर्शी अन्न भंडारण योजना से PACS की आय और ग्रामीण रोजगार में वृद्धि होगी
>
> PACS को ऋण सुविधा में विस्तार किया जाये और योजना में PACS की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने अन्न भंडारण योजना में PACS की व्यापक भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि यह जरूरी है कि PACS को इस योजना का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए ताकि PACS की वित्तीय व्यवहार्यता और सामाजिक प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने FCI, NCCF, NAFED और राज्य वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशनों को PACS को अधिक से अधिक गोदामों से जोड़ने के लिए ठोस दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राज्यों को अपने स्तर पर अधिक से अधिक PACS को इस योजना में शामिल करना चाहिए, और राज्य स्तरीय मार्केटिंग फेडरेशनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए ताकि एक संपूर्ण सहकारी आपूर्ति श्रृंखला विकसित की जा सके।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सभी उपस्थित संगठनों से समन्वय के साथ योजना को समयबद्ध और प्रभावशाली तरीके से लागू करने का आह्वान किया ताकि यह योजना 'आत्मनिर्भर भारत' और 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य की पूर्ति में मील का पत्थर सिद्ध हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंदूर का पौधा रोपा

इन्दौर : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर उज्जैन में दताना एयर स्ट्रिप पर सिंदूर के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौधा रोपकर प्रदेशवासियों को मानव जीवन के लिए प्रकृति के संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस अवसर पर उज्जैन के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मंडियों में किसानों को मूंग विक्रय का मिले उचित दाम : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषि उपज मंडियों में पारदर्शी व्यवस्था बनाकर मूंग खरीदी की जाएगी। प्रदेश के बाहर से व्यापारियों को भी मूंग खरीदी के लिए सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और प्रोत्साहित किया जाएगा। मंडियों में किसानों को मूंग विक्रय का उचित दाम मिल सके इसके लिए व्यापारियों को बोली लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में उनसे भेंट करने आए भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल से यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मूंग पर मंडी शुल्क में राहत दी जा सकती है या नहीं इसकी जांच की जायेगी। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और आईटीसी को मूंग नीलामी में शामिल करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। हमारा प्रयास यह है कि मंडियों में मूंग की मॉडल दरे बढ़कर लगभग 7500 रूपये प्रति क्विंटल हो जाये। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बाहर से आने वाले व्यापारियों को नये मंडी लायसेंस भी दिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। खेती और किसानी राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। प्रदेश में कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए कोई कसर छोड़ी नहीं जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कपास उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। गौ-शाला संचालित करने के लिए 20 रुपए से बढ़ाकर प्रति गाय 40 रुपए अनुदान राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान, फसल चक्र अपना कर उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं।

प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान संघ, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष श्री कमल सिंह आंजना, श्री चंद्रकात गौर और अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे।

दुग्ध उत्पादन को बढावा देने हेतु मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना प्रारंभ

सतना :मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुधारू पशुओं की डेयरी इकाईयों की स्थापना हेतु तथा मिल्क रूट के ग्रामों में रोजगार के अवसर तथा दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के लिए समस्त कृषकों के लिये डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना तथा लघु सीमान्त पशुपालकों हेतु मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना प्रारंभ की गई है। पशु चिकित्सा के उप संचालक ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना अन्तर्गत पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर समस्त पशुपालक, दूध के एफ.पी.ओ. सदस्य, दुग्ध संघो के पशुपालक आनलाईन www.mpdah.gov.in पोर्टल पर 25 पशुओं की एक इकाई हेतु 3.5 एकड़ भूमि के आधार पर अधिकतम अनुपातन 8 इकाई ले सकते है। भारतीय नस्ल के गाय की डेयरी इकाई लागत 36 लाख तथा संकर गाय एवं भैंस इकाई के लिए 42 लाख में से सामान्य एवं पिछडा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत अनुदान, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए 33 प्रतिशत अनुदान तथा शेष बैंक ऋण एवं हितग्राही अंशदान रहेगा। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम अन्तर्गत 2 मुर्रा भैंस इकाई, लघु तथा सीमान्त कृषकों हेतु मिल्क रूट के ग्रामों के पशुपालकों के लिए इकाई लागत 2.95 लाख रूपये है। जिसमें सामान्य एवं पिछडा वर्ग हेतु 50 प्रतिशत अनुदान, 50 प्रतिशत अंशदान तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए 75 प्रतिशत अनुदान, 25 प्रतिशत अंशदान के आधार पर राज्य के बाहर भ्रमण कराकर, बीमा सहित पशु पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल द्वारा प्रदान किये जायेगे। विस्तृत विवरण तथा कार्यवाही के लिए पशुपालक जिले की पशु चिकित्सा संस्था से संपर्क कर आवेदन कर सकते है।

डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित

मुख्यमंत्री समिति के अध्यक्ष तथा विभागीय मंत्री उपाध्यक्ष होंगे

भोपाल : राज्य शासन द्वारा एमपी स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच में सहकार्यता अनुबंध के उद्देश्यों की पूर्ति और डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। समिति के उपाध्यक्ष मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विकास और सहकारिता मंत्री होंगे। समिति में सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव सहकारिता, अध्यक्ष एनडीडीबी, प्रमुख सचिव वित्त विभाग, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, प्रबंध संचालक एवं कार्यकारी निदेशकगण एनडीडीबी तथा संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य सचिव प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश राज्य को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन होंगे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के हित में एवं सहकारी प्रणाली और सांची ब्रांड का उन्नयन करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं सम्बद्ध दुग्ध संघ के संचालन एवं प्रबंधन के लिए सहकारिता अनुबंध पर सहमति दिए जाकर अनुबंध निष्पादन किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस संबंध में अप्रैल माह में सहकार्यता अनुबंध निष्पादित किया गया था। राज्य स्तरीय समिति का मुख्य कार्य डेयरी विकास योजना की प्रगति की समीक्षा एवं अनुश्रवण तथा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए नीति निर्धारण, आवश्यक सहायता व दिशा निर्देश प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी विश्व दुग्ध दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व दुग्ध दिवस पर बधाई दी है। मध्यप्रदेश गौसेवा के संकल्प के साथ 'दुग्ध से समृद्धि' के पथ पर अग्रसर है। अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत गोपालन करने वाले आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और देश के दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान 9 से बढ़ाकर हम 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने अनुबंध किया है, जिससे प्रदेश के ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियां गठित कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जाएगी। सांची ब्रांड को लोकप्रिय बनाया जा रहा है। गौशालाओं और गौ-पालकों को पूरा प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश में गाय के दूध से निर्मित उत्पाद और औषधियां अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। मध्यप्रदेश देश की डेयरी केपिटल बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-पालकों को विश्व दुग्ध उत्पादन से जुडे किसानों, पशुपालकों को विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं।

केंद्र सरकार के निर्णय से प्रदेश के किसानों को होगा लाभ : मुख्यमंत्री

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार द्वारा 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में की गई वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि एमएसपी में रामतिल में 820 और रागी में 596 के साथ ही कपास में 589 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। मध्यप्रदेश में धान और सोयाबीन सहित इन सभी फसलों का उत्पादन व्यापक है। इस नाते मध्यप्रदेश के किसानों के कल्याण के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि का लाभ मध्यप्रदेश के किसान भाइयों को भी प्राप्त होगा।

कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी : मुख्यमंत्री

80 करोड़ रुपये से अधिक के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

मुख्यमंत्री सुगम बस योजना की होगी शुरूआत ● मुख्यमंत्री ने की गाडरवाड़ा में गौशाला निर्माण की घोषणा

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनका और राज्य सरकार का गाडरवारा के नागरिकों के साथ विकास और विश्वास का रिश्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गाडरवाड़ा में गौशाला निर्माण किए जाने और प्रदेशवासियों को सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा में 80 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सेवा एवं सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। विकास की नई उपलब्धियां सभी के सामने हैं। उनके कार्यकाल में तीन तलाक का कानून पास हुआ, जिसके क्रियान्वयन में कहीं भी कोई विरोध नहीं हुआ। धारा 370 हटाने पर देश के अंदर एक आनंद का माहौल रहा। पहलगांव की घटना में पूरा देश एकजुट हुआ और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर देश में सनातन संस्कृति को नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

नई पीढ़ी को शिक्षित करने की मुहिम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर उन्हें पुस्तकें प्रदान की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने का प्रबंध किया जा रहा है, ताकि बच्चे देश के लोकतंत्र, सभ्यता व संस्कृति को जान सकें और अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने को साकार कर सकें।

महिला सशक्तिकरण प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना की राशि 5 साल में तीन हजार रुपये कर दी जायेगी। पहले साल में एक बार रक्षाबंधन का त्यौहार आता था, लेकिन अब लाड़ली बहना योजना की राशि आने से हर महीने बहनों के लिए त्यौहार जैसा माहौल रहता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिसीमन के बाद लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट के माध्यम से 80 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने 56 करोड़ 58 लाख 6 हजार रुपये के 67 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख 24 हजार रुपये के 68 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के कार्यों में कोई कोर कसर नहीं रखी जायेगी। जिले के विकासके लिए मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा जो प्रस्ताव दिए गए हैं, उन्हें पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वृहद स्तर पर सोलर पॉवर कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे, जिससे किसानों को बिजली की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री सुगम बस योजना की प्रदेश में होगी शुरूआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत शीघ्र ही पूरे प्रदेश में "मुख्यमंत्री सुगम बस योजना" प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन निगम पुनः पूरे प्रदेश में बसों का संचालन करेगा। उन्होंने कहा कि सांईखेड़ा में 132 केव्ही का विद्युत सबस्टेशन बनेगा। उन्होंने 60 करोड़ रुपये की लागत से चीचली- सालीचौका 20 किमी सड़क बनाने की घोषणा की और 27 करोड़ रुपये की लागत से अर्जुनगांव से गाडरवारा 17.50 किमी की सड़क बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांसे, पीतल का उपयोग करें इससे चीचली सहित हमारे आसपास के भाई-बहनों को काम मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार गुरू पूर्णिमा एवं कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जायेगी। दशहरे में रावण का दहन तो होगा ही, साथ ही शस्त्र-पूजन भी किया जायेगा। जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान और नदी जोड़ो परियोजना के काम तेजी से चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कक्षा 10 वीं व 12 वीं में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शामिल होने वाले विद्यार्थियों और शैक्षणिक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का भी प्रतिमात्मक रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गाडरवारा को डेढ़ साल में 350 करोड़ रुपये की सौगात दी है और इस क्षेत्र को विकास की राह पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री को 2 करोड़ रुपये की लागत से गाडरवारा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए भी धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य अतिथियों ने शिक्षा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर सांसद चौधरी दर्शन सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, सोहागपुर विधायक श्री विजय पाल सिंह और पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी मंचासीन थे।

पीडीएस से राशन सामग्री लेने वाले हितग्राही अपने फोन से कर सकते हैं ई-केवायसी : खाद्य मंत्री

भोपाल :खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि पीडीएस से राशन सामग्री लेने वाले हितग्राही को ई-केवायसी कराने के लिये कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है। वह अपने एंड्रायड फोन पर "मेरा ई-केवायसी'' एप को डाउनलोड कर अपने फेस वेरीफिकेशन के माध्यम से ई-केवायसी कर सकता है। वृद्ध हितग्राही एवं बच्चों की ई-केवायसी भी इस एप से कर सकते हैं।

अब तक 8 लाख से अधिक हितग्राहियों ने किया इस सुविधा का उपयोग

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि परिवार के किसी एक सदस्य के मोबाइल से ही सभी सदस्यों की फेस ई-केवायसी की जा सकती है। साथ ही मध्यप्रदेश से बाहर गये हितग्राही किसी भी प्रदेश में इस एप पर अपना ई-केवायसी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल, 2025 से अब तक 8 लाख से अधिक हितग्राहियों ने इस सुविधा का लाभ लेकर घर बैठे अपनी ई-केवायसी करायी है तथा बिना किसी समस्या के राशन प्राप्त कर रहे हैं।

श्री राजपूत ने आग्रह किया कि सरकार राशन प्राप्त करने वाले ऐसे सभी हितग्राही, जिन्होंने अब तक अपनी ई-केवायसी नहीं करायी है, वे 15 जून तक घर बैठे अपने मोबाइल फोन पर ही अपना ई-केवायसी कर लें, जिससे आगामी माहों में आपको बिना किसी बाधा के राशन प्राप्त हो सके।

मेरा ई-केवायसी है- एक दम आसान

- अपने मोबाइल फोन पर प्लेस्टोर से मेरा ई-केवायसी एप को https://tinyurl.com/294xckzm लिंक से डाउनलोड करें
- इसके पश्चात Link: https://play.google.com/store/apps/details?id=in.gov.uidai.facerd से फेस आरडी डाउनलोड करें।
- अब एप पर दाहिनी ओर ऊपर तीन छोटे बिन्दु दिखाई देंगे उस पर क्लिक करके हितग्राही अपनी सुविधा अनुसार भाषा का चयन करें।
- इसके पश्चात राज्य चयन के विकल्प में मध्यप्रदेश को चुने।
- राज्य का चयन करने के उपरांत एप पर लोकेशन वेरीफाई विकल्प पर क्लिक करें।
- इसके पश्चात जिस हितग्राही का ई-केवायसी करना है, उसका आधार कार्ड देखकर सही आधार नम्बर मोबाइल एप में दिए गए स्थान पर दर्ज करें।
- इसके पश्चात ओटीपी जनरेट करने के विकल्प पर क्लिक करें।
- हितग्राही के आधार नम्बर से लिंक मोबाईल फोन पर एक 6 अंको का ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे एप पर दर्ज करें।
- ओटीपी दर्ज करने के पश्चात उसके नीचे दिखाया गया केप्चा कोड दर्ज करें।
- इसके बाद जमा करें विकल्प पर क्लिक करें।
- इसके बाद लाभार्थी का नाम, आधार नम्बर के अंतिम 04 अंक आदि विवरण मोबाईल स्क्रीन पर दिखाई देगा, जिसके नीचे फेस ई-केवायसी विकल्प दिखाई देगा। इस पर क्लिक करने पर हितग्राही की ईकेवायसी करने संबंधी सहमति की घोषणा दिखाई देगी, जिसमें 'स्वीकृत' (Accept) विकल्प पर क्लिक करना होगा इसके बाद मोबाइल फोन का फ्रन्ट कैमरा (सैल्फी मोड) चालू होगा।
- जिस हितग्राही का ई-केवायसी किया जाना है, उसका चेहरा मोबाइल कैमरा के सामने करें।
- इस बात का ध्यान रखा जावे कि मोबाइल फोन कैमरा में चेहरा जिस गोले के अंदर दिखाया जा रहा है, उसका रंग हरा हो जाये। इसके बाद हितग्राही को अपनी पलकों को कैमरे के सामने दो बार झपकाना होगा।
- ई-केवायसी सफल होने पर मोबाइल फोन की स्क्रीन पर ई-केवायसी सफल का संदेश दिखेगा।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार (म0प्र0)
स्थिति विवरण पत्रक वर्ष 2024—2025

जमा पक्ष

क्र.	गत वर्ष का बकाया	विवरण	वर्षान्त पर बकाया
1	3	2	4
	1000000000.00	अंशपूजी	1000000000.00
		अधिकृत अंशपूँजी	
	1000000.00	अ वर्ग रुपये 1000 प्रति अंश	1000000.00
		ब वर्ग रुपये 1000 प्रति अंश	
		स वर्ग रुपये 100 प्रति अंश	
		द वर्ग रुपये 100 प्रति अंश	
		अभिदत्त अंशपूँजी	
	661079920.00	सहकारी समितियो के 743442	743442800.00
	53342.00	नाममात्र सदस्य अंश	59792.00
	2052545.00	अन्य अंश आईडीपी	302545.00
		उक्त में से धारित	
1	182088720.00	अंशपूजी शासन से	182088720.00
2	2052545.00	अंशपूजी आय सी डी पी	302545.00
3	661079920.00	अंशपूजी सहकारी समिति	743442800.00
4	53342.00	अंशपूजी नाम नात्र सदस्य	59792.00
	845274527.00	**योग**	925893857.00
		कोष एवं अन्य निधिया	
1	112134115.24	रक्षित कोष सहकारी संस्था	117575026.47
2	785300.00	रक्षित कोष शासन से	0.00
3	871898.70	विशेष डुबन्त ऋण एव संदिग्ध ऋण पूर्ति कोष	0.00
4	85888965.00	कृषि साख स्थायित्व निधि कोष	90757644.00
5	50589535.20	ऋण असंतुलन कोष	53889535.20
6	49012135.70	भवन कोष	50012135.70
7	15116271.40	कम्प्युटर कोष	21116271.40
8	34489245.00	अंश विमोचन निधि	37491951.00
9	5101019.00	प्रशिक्षण निधि	5286328.60
10	14703294.00	सहकारी विकास निधि	15303835.00
11	8193.63	सहकारी भण्डार रख रखाव निधि कोष	8193.63
12	8200000.00	फर्नीचर फिक्चर निधि	8200000.00
13	865000.00	चेरिटी कोष	865000.00
14	5501284.28	साज सज्जा कोष	5501284.28
15	10598025.47	वाहन कोष	11098025.47
16	21968.00	लाभांश पूर्ति कोष	28305.00
17	5147.60	शिक्षा कोष	0.00

नामे पक्ष

क्र.	गत वर्ष का बकाया	विवरण	वर्षान्त पर बकाया
1	2	3	4
		रोकड	
1	433965047.00	नगदी सिल्लक	891519351.00
		करण्ट खाता राज्य सहकारी बैंक	
1	0.00	करण्ट खाता अपेक्स बैंक इन्दौर	160630906.00
2	170870.68	करण्ट खाता अपेक्स बैंक शाखा भोपाल	170870.68
3	5089944.20	करण्ट खाता अपेक्स बैंक भोपाल	29300027.31
	5260814.88	**योग**	190101803.99
		करण्ट खाता वाणिज्यिक बैंक	
1	23916812.36	करण्ट खाता भारतीय स्टेट बैंक	135778032.56
2	4162806.36	करण्ट खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा रघुनाथपुरा	610598.57
3	5081774.01	करण्ट खाता अन्य बैंक (स्टेट बैंक में शाखाओं के खाते)	5967877.61
4	521952.05	करण्ट खाता भारतीय स्टेट बैंक सीएसजीएल	22855829.84
5	11886044.89	करण्ट खाता बैंक ऑफ इंडिया	117336826.29
6	44850028.78	करण्ट खाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र	82005455.78
7	99782.00	करण्ट खाता बैंक आफ बडौदा	99782.00
8	84390538.14	करण्ट खाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	108005587.28
9	31141568.27	करण्ट खाता पंजाब नेशनल बैंक	177257398.15
10	178536055.62	करण्ट खाता आईडीबीआई बैंक	200324237.73
11	33709436.76	करण्ट खाता आईडीबीआई बैंक सीटीएस क्लेयरिंग हेतु	11728533.94
12	0.00	करण्ट खाता आईडीबीआई जेम पुल खाता	300000.00
	418296799.24	**योग**	862270159.75
		प्रायवेट बैंक	
1	11603547.04	करण्ट खाता एक्सिस बैंक	35377672.16
2	64327631.62	करण्ट खाता आईसीआईसीआई बैंक	593368989.39
3	32597872.48	करण्ट खाता आईसीआईसीआई बैंक आयएमपीएस हेतु	25892521.93
4	19338709.42	करण्ट खाता आईसीआईसीआई बैंक एटीएम हेतु	26095323.78
5	0.00	करण्ट खाता आईसीआईसीआई बैंक फास्ट टैग वॉलेट	5496.00
6	25700983.32	करण्ट खाता एचडीएफ सी बैंक	293472255.22
7	0.00	करण्ट खाता यस बैंक सीटीएस क्लेयरिंग हेतु	29074111.71
8	174400.00	क्लेम फार लोरो	75300.00
	153743143.88	**योग**	1003361670.19
	577300758.00	बैंक खाता कुल योग	2055733633.93
		विनियोग	
		सहकारी प्रतिभुति में	
1	1800583010.00	शासकीय प्रतिभुति एवं बाण्ड	1990148010.00
2	249509200.00	ट्रेजरी बिल प्रतिभुति	698505100.00
3	0.00	कॉल मनी	400000000.00
	2050092210.00	**योग**	3088653110.00
		सावधी जमा राज्य सहकारी एवं वाणिज्यिक बैंक में	
1	2340582008.00	सावधि अमानत विथ अपेक्स बैंक	2818294028.00

क्र.	गत वर्ष का बकाया	विवरण	वर्षान्त पर बकाया
1	3	2	4
18	1186451.00	ग्रेज्युटी कर्मचारी कोष	1186451.00
19	5198748.02	कर्मचारी सामान्य निधि	6286454.02
20	111204.00	जोखिम कोष शासन से	111204.00
21	9785145.00	वैद्यनाथन पुर्नपुंजीकरण सहायता राशि	9785145.00
22	47614947.43	सम्पति पूनर्मुल्यांकन कोष	47614947.43
23	6337.00	लांभाश सहकारी समिति प्रावधान	0.00
24	3000000.00	एक्सग्रेसिया कर्मचारी प्रावधान	3000000.00
25	6000000.00	तकनीकी ग्राह्य फण्ड्	0.00
26	1969779.00	नाबार्ड से प्राप्त अनुदान	3369579.00
27	23051794.12	संचित लाभ	23057502.22
	491815803.79	**योग**	511544818.42
		अनिवार्य प्रावधान	
1	681510220.00	संदिग्ध एवं डुबन्त ऋण कोष एनपीए के विरुद्ध	707722220.00
2	0.00	संदिग्ध एवं डुबन्त ऋण कोष आयकर धारा 36(1)(अपपं)	125000000.00
2	28827000.00	मानक अस्तियों हेतु प्रावधान	28827000.00
3	58286223.00	संस्पेंस राशि हेतु प्रावधान	58286223.00
4	23109000.00	अन्य अस्तियो हेतु प्रावधान	23109000.00
5	61951777.00	गबन के विरुद्ध प्रावधान	61951777.00
6	30330.53	विनियोग अवमूल्यन कोष	0.00
7	16214284.20	कालातीत ब्याज प्रावधान	254534860.69
	869928834.73	**योग**	1259431080.69
	1361744638.52	निधियो एवं प्रावधान योग	1770975899.11
		अमानते	
		मुद्दती अमानत	
1	605090365.35	सावधि अमानत सहकारी समितियॉं	467862381.60
2	3980648182.33	सावधि अमानत व्यक्तिगत	4246277651.38
3	820454939.17	सावधि अमानत अन्य संस्थाऐ	1199435158.78
4	8586779.99	आवर्तक अमानत व्यक्तिगत	8651241.99
	5414780266.84	**योग**	5922226433.75
		बचत अमानत	
1	432754616.36	बचत अमानत सहकारी संस्था	543912634.55
2	2987384796.86	बचत अमानत व्यक्तिगत	2647341950.81
3	403633415.92	बचत अमानत अन्य संस्थाऐ	473771892.46
	3823772829.14	**योग**	3665026477.82
		करण्ट अमानत	
1	21668408.26	करण्ट अमानत सहकारी समिति	16963183.17
2	19319458.17	करण्ट अमानत केश क्रेडिट समिति	9256922.33
3	17365914.90	करण्ट अमानत व्यक्तिगत	16444151.84
4	25013553.02	करण्ट अमानत अन्य संस्था	27162261.66

क्र.	गत वर्ष का बकाया	विवरण	वर्षान्त पर बकाया
1	2	3	4
2	43534482.00	रिजर्व फण्ड डिपाजिट विथ अपेक्स बेंक	46690732.00
3	150482055.00	सावधि अमानत बैंक ऑफ इंडिया/महाराष्ट्र	10468993.00
4	8754535.00	सावधि अमानत विथ नोटी फाइड बैंक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	8754535.00
5	300385535.00	सावधि अमानत विथ आयडीबीआय बैंक	150193932.00
	2843738615.00	**योग**	3034402220.00
		सावधी जमा प्रायवेट बैक में	
1	435321439.00	सावधि अमानत विथ आय सी आय सी आय बैंक	500246576.00
2	165107015.00	सावधि अमानत अन्य प्रायवेट बैंक	175215754.00
	600428454.00	**योग**	675462330.00
		अंश में	
1	391700000.00	अंश क्रय अपेक्स बैंक	447200000.00
2	500000.00	अंश अन्य सहकारी संस्थाए	0.00
	392200000.00	**योग**	447200000.00
	5886459279.00	**कुल योग विनियोग**	7245717660.00
		समाशोधन गृह एवं शाखा	
1	0.00	समाशोधन गृह समायोजन खाता	0.00
2	0.00	शाखा/मुख्यालय खाता	0.00
	0.00	**योग**	0.00
		ऋण	
		अल्पवधि कृषि ऋण	
1	30414043.87	क्रेड़िट कार्ड सामान्य 1	16455386.29
2	10637691.52	क्रेड़िट कार्ड सामान्य 2	9369584.52
3	64549822.34	क्रेड़िट कार्ड अल्पावधि ट्रायबल 1	66051232.34
4	8633971.26	क्रेड़िट कार्ड अल्पावधि ट्रायबल 2	1.00
5	22399295.40	ऋण अल्पावधि तिलहन क्रेडिट कार्ड 1	18210964.54
6	25609730.04	ऋण अल्पावधि तिलहन क्रेडिट कार्ड 2	25609730.04
7	31118165.37	ऋण अल्पावधि क्रेडिट कार्ड ट्रायबल तिलहन 1	31117865.37
8	242056.00	ऋण अल्पावधि क्रेडिट कार्ड ट्रायबल तिलहन 2	6.00
9	9054624697.73	अल्पावधि ऋण डी एम आर सामान्य	8058184396.47
10	2164709515.73	अल्पावधि ऋण डी एम आर तिलहन	1784339939.18
11	898823351.97	अल्पावधि ऋण डी एम आर आदिवासी	474121643.02
12	0.00	अल्पावधि ऋण अतिरिक्त साख सीमा	14150978.12
	12311762341.23	**योग**	10497611726.89
		अल्पवधि अकृषि ऋण	
1	9612464.16	ऋण फिशरमैन क्रेडिट कार्ड	8804078.16
2	108641.00	ऋण अल्पावधि अकृषि	108641.00
3	65085.00	ऋण अल्पावधि खाघान्न गृहणी	209639.00
4	185136.60	ऋण अल्पावधि आभूषण तारण ऋण सामान्य	185136.60
5	255448.10	आभूषण तारण ऋण हरिजन + आदिवासी	255448.10
8	31424588.00	सावधि अमानत तारण ऋण	54042671.00
9	6620.00	एन एस सी तारण ऋण	6620.00
10	2167176.00	वेयर हाउस रसीद पर तारण ऋण	2167176.00
11	106253525.02	अधिविकर्ष ऋण मुद्ती अमानत	127119243.54
12	21552931.13	अधिविकर्ष ऋण कर्मचारी	31361974.60
13	0.00	अधिविकर्ष ऋण अन्य संस्था कर्मचारी	1100231.00
14	1477.00	अग्रिम कर्मचारी	11477.00

क्र.	गत वर्ष का बकाया	विवरण	वर्षान्त पर बकाया
1	3	2	4
	83367334.35	योग	69826519.00
		अन्य अमानत	
1	59776833.87	रक्षित कोष सहकारी संस्थाए	63932723.87
2	43431825.09	विशेष डुबन्त ऋण पूर्ति कोष	47794699.09
3	6283987.77	अनिवार्य अमानत सहकारी समितिया	7376544.77
4	12806608.06	रिस्क फण्ड (जोखिम कोष)	14829417.06
5	1327475.85	अनिवार्य अमानत व्यक्तिगत	1429002.85
6	725480.07	सुरक्षा डिपाजिट कर्मचारी	779322.07
	124352210.71	**योग**	136141709.71
	9446272641.04	**योग अमानत**	9793221140.28
		ग्रहित ऋण	
1	6045700000.00	अल्पावधि ऋण नार्मल	6431400000.00
2	340800000.00	अल्पावधि ऋण ट्रायबल	316300000.00
3	1229100000.00	अल्पावधि ऋण एनओडीपी	1359000000.00
4	0.00	केश क्रेडिट फर्टिलाईजर	-150830.21
5	1688200.00	मध्यम अवधि ऋण डेयरी फायनेंस	557000.00
6	12291879.25	अधिविकर्ष ऋण अपैक्स बैंक	153416669.52
7	2000000.00	आईसीडीपी से भवन निर्माण ऋण	250000.00
8	0.00	नाबार्ड से मुद्दती अमानत के विरुद्ध तारण ऋण	367300000.00
9	536600.00	मध्यम अवधि ऋण एग्रीकल्चर	536600.00
10	0.00	अधिविकर्ष ऋण नेफट	0.00
	7632116679.25	**योग**	8628609439.31
1	1272047.97	मुख्यालय खाता	255078.05
	1272047.97	**योग**	255078.05
		देनदारियॉं	
1	2233215.31	लायबिलिटीज पेयबल	2081205.73
2	12501290.08	अन्य देनदारियॉं खाता	12389516.76
3	4905550.00	अनुदान अग्रिम समस्त प्रकार	4905550.00
4	17821718.00	चंदा देना बाकी जिला एवं राज्य संघ	23173418.00
5	6369535.67	बिल्स एवं डी.डी. पेयबल	3172376.42
6	6181437.87	ब्याज देना बाकि 3 प्रति. सहकारी संस्था को	6181437.87
7	2974593.00	प्राविडेण्ड फण्ड की रकम देना बाकि	2355015.00
8	627676.96	समूह बीमा योजना कर्मचारी	702736.96
9	550928.00	अर्नेस्ट मनी खाता	550928.00
10	2332797.00	आडिट फिस देना बाकी	1638937.00
11	200509070.82	देय ब्याज (ब्याज देना बाकी)	242641362.11
12	1812371.25	स्टेल चेक्स एवं ड्राफ्ट खाता	339674.00
13	5497.00	क्रिस योजना की रकम देना बाकी	162522.00
14	500000.00	केडर फन्ड सरप्लस खाता	500000.00

क्र.	गत वर्ष का बकाया	विवरण	वर्षान्त पर बकाया
1	2	3	4
	171633092.01	**योग**	225372336.00
		मध्यवधि कृषि ऋण	
1	19115366.36	मध्यमअवधि 3 वर्षिय परिवर्तित ऋण	2359002.00
